**आकाशवाणी शिमला**

**08.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे**

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार ने उपलब्ध करवाए 39 हजार से अधिक रोजगार।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के अनुसार नौतोड़ के 12 हजार से अधिक मामले लंबित–नौतोड़ भूमि मिलने से आर्थिक तौर पर सशक्त होंगे जनजातीय लोग।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर चुनावी वायदे भूलने का लगाया आरोप।
- राज्य में मौसम साफ रहने के बावजूद निचले इलाकों में कोहरा पड़ने से शीतलहर जारी।

**मुख्यमंत्री**

राज्य सरकार ने बीते दो वर्षों के दौरान 39 हजार 2 सौ 20 रोजगार उपलब्ध करवाए हैं जिनमें से 13 हजार 7 सौ 4 नौकरियां अकेले सरकारी क्षेत्र में दी गई हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में श्रम व रोजगार विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए ये जानकारी दी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारी सहयोगी————————

*वीओ————————मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने श्रम व रोज़गार विभाग के अधिकारियों को डाटा के डिजिटाइजेशन और आधुनिक तकनीक अपनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में कुशल व्यक्तियों का डाटा ऑनलाइन उपलब्ध होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट–अप योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पहले चरण में 200 ई–टैक्सी परमिट देने पर विचार कर रही है और इसके दृष्टिगत शीघ्र ही योजना शुरू की जाएगी। परिवहन विभाग द्वारा अब तक ई–टैक्सी की खरीद पर अनुदान प्रदान करने के लिए 121 अभ्यर्थियों की संस्तुति की गई है। इन ई–टैक्सी को सरकारी विभागों के साथ जोड़ा जाएगा और ई–टैक्सी मालिकों को निश्चित आय प्रदान की जाएगी। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रशिक्षित श्रमशक्ति को विदेश में रोजगार के अवसर प्रदान करने के हरसंभव प्रयास कर रही है। इस संबंध में प्रदेश सरकार ने दुबई स्थित कम्पनी ईएफएस फेसिलिटी सर्विस के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है और प्रदेश के पांच युवाओं को सऊदी अरब में रोजगार प्रदान किया गया है।*

*प्रादेशिक समाचारों के लिए समाचार कक्ष से मैं राजकुमारी चंदेल।*

**सीएम**

शिमला ज़िले के दुर्गम क्षेत्र क्वार से आपातकालीन चिकित्सा सहायता की ज़रूरत को देखते हुए गंभीर रोगी वीरेंद्र ठाकुर को एयर लिफ्ट कर आई.जी.एम.सी. पहुंचाया गया है। सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए अपने हैलीकॉप्टर के माध्यम से इस मरीज़ को एयर लिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने आई.जी.एम.सी. प्रशासन को मरीज़ को हर संभव और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

**जगत सिंह**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश में नौतोड़ के 12 हजार 7 सौ 42 मामले लंबित हैं जो प्रक्रियाधीन हैं। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में 20 बीघा से कम भूमि वाले परिवार नौतोड़ भूमि के लिए पात्र हैं। राजस्व मंत्री ने कहा कि

जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को नौतोड़ भूमि मिलने से लोग बागवानी और खेतीबाड़ी कर आर्थिक तौर पर सशक्त होंगे। जगत सिंह नेगी ने कहा कि वह नौतोड़ विधेयक को मंजूरी देने के संबंध में विधायकों के साथ राज्यपाल से कई बार भेंट कर निवेदन कर चुके हैं और इस संबंध में राजभवन द्वारा मांगी गई जानकारी प्रेषित कर दी गई है। इस दौरान जगत सिंह नेगी ने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि क्या वे जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को भूमि देने के पक्ष में नहीं है? राजस्व मंत्री ने कहा कि जनजातीय क्षेत्र के लोगों की मांग को वे लगातार उठाते रहेंगे।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि आंगनवाड़ी केन्द्र लोगों को पोषण सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करने और बच्चों को शिक्षा के अगले स्तर के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वे आज सोलन के रबौन में लगभग 8 लाख रुपए की लागत से निर्मित आंगनवाड़ी केन्द्र का लोकार्पण करने के बाद जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने नवजात बच्चियों का सम्मान भी किया। बाद में उन्होंने क्षेत्रीय अस्पताल सोलन का औचक निरीक्षण किया और रोगियों का कुशलक्षेम भी जाना।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस के नेता अपने चुनावी वायदे भूलकर बेतुकी बातें कर प्रदेश के लोगों का ध्यान बांटना चाहते हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि कांग्रेस नेताओं ने चुनाव के दौरान 5 लाख युवाओं को नौकरियां देने, 3 सौ यूनिट निःशुल्क बिजली और प्रत्येक महिला को हर महीने 15 सौ रूपये देने की गारंटी दी थी। जयराम ठाकुर ने कहा कि चुनाव के समय बड़े–बड़े वायदे करने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही 15 सौ से ज्यादा लोगों को नौकरी से निकाल दिया और डेढ़ लाख से ज्यादा खाली पद समाप्त कर दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार ने पूर्व सरकार की भर्तियों के परीक्षा परिणामों पर भी रोक लगा दी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के लोगों के साथ झूठे वायदे करने वाले कांग्रेस नेताओं को अपनी पार्टी का घोषणा पत्र पढ़कर उसकी गारंटियों को पूरा करने का काम करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 2 साल के कार्यकाल में सरकार द्वारा किए गए कार्यों से कांग्रेस के नेता बेनकाब हो चुके हैं और भाजपा कांग्रेस की झूठी गारंटियों को भूलने नहीं देगी।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है और तेज धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिल रही है। हालांकि बीते दिनों प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हुए हल्के हिमपात और निचले क्षेत्रों में सुबह शाम घना कोहरे के साथ पाला पड़ने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लाहौलस्पिति जिला के ताबो में आज न्यूनतम तापमान माईनस 13 दशमलव 6, कुकुमसेरी में माईनस 11 दशमलव 4, समदो में माईनस 9 दशमलस 4 जबकि उना में एक दशमलव 2, हमीरपुर में 3 दशमलव 3, मंडी में 3 दशमलव 4, कांगड़ में चार और बिलासपुर में 5 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 10 जनवरी तक मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है। इस दौरान विभाग ने निचले जिलों बिलासपुर, मंडी, उना व कांगड़ा में अलग–अलग स्थानों पर घना कोहरा व पाला पड़ने से शीतलहर का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल के दौरान प्रदेश में एक हजार 9 सौ से अधिक सड़कों व पुलों का निर्माण कार्य किया गया है। वे आज शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में सुन्नी भज्जी छात्र संघ व युवा संगठन द्वारा आयोजित लोक नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि 3 हजार 7 सौ किलोमीटर सड़कों को चौड़ा व पक्का करने का कार्य जारी है और शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भी 2 सौ 50 करोड़ के सड़क कार्य चल रहे है।

## विंटर कार्निवाल

शिमला में आयोजित विंटर कार्निवाल के अंतिम दिन आज ग्रीन और क्लीन शिमला का संदेश देने के लिए हैरिटेज साइकलिंग राईड का आयोजन किया गया। विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने इस साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि शिमला को साफ और हरा–भरा बनाए रखने के लिए ये एक अच्छी पहल है और साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है।

## थांगटा चैंपियनशिप

हरिद्वार में 4 से 6 जनवरी तक आयोजित की गई 30वीं राष्ट्रीय थांगटा चैंपियनशिप में चंबा जिला के मैहला गांव के दो युवकों कार्तिकेय कटोच और हर्षित ठाकुर ने स्वर्ण पदक हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। चंबा पहुंचने पर इन खिलाड़ियों का अभिनंद किया गया। बाद में उन्होंने उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल से भी भेंट की। इन खलाड़ियों सरकार से थांगटा खेल को प्रोत्साहित करने की अपील की है ताकि उनकी तरह अन्य बच्चे भी आगे जाकर प्रदेश का नाम रोशन सकें।

## आदान प्रदान कार्यक्रम

नेहरू युवा केंद्र शिमला द्वारा आयोजित सीमावर्ती युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का समापन आज बनुटी में किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उपायुक्त ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का ज्यादातर शिकार युवा हो रहे है और उन्हें सड़क सुरक्षा को लेकर सजग नागरिक के तौर पर भूमिका निभाने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने कहा कि शिमला जिला 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह के तहत समाज में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

## मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार ने उपलब्ध करवाए 39 हजार से अधिक रोजगार।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के अनुसार नौतोड़ के 12 हजार से अधिक मामले लंबित–नौतोड़ भूमि मिलने से आर्थिक तौर पर सशक्त होंगे जनजातीय लोग।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर चुनावी वायदे भूलने का लगाया आरोप।
- राज्य में मौसम साफ रहने के बावजूद निचले इलाकों में कोहरा पड़ने से शीतलहर जारी।

---